संक्षिप्त

3 घंटे रहेगी शहर की बिजली बंद

निवाई-विद्युत विभाग के तत्वावधान में शनिवार को मरम्मत कार्य को लेकर 3 घंटे शहर में बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ट अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि विद्युत लाईनों के रख रखाव व मरम्मत कार्य के चलते शनिवार सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक वनस्थली मोड, महाराजपुरा, अलियाबाद मोड, हाडावाली ढाणी, कालू पटेल की ढाणी, खणदेवत रोड, डींग की ढाणी, श्रीराम कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, इन्द्रा कॉलानी, भगतसिंह कॉलोनी, बस स्टेण्ड झिलाय रोड व सिंधी कॉलोनी के आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

माली सैनी समाज की आम सभा 20 को

फुलेरा : कस्बे के श्री रामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन परिसर में माली सैनी समाज संस्था रजिस्टर्ड फुलेरा की आम सभा आगामी 20 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने बताया की आम सभा के दौरान माली शिव मन्दिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की जायेगी। इसको लेकर फुलेरा माली समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने अपने समाज के प्रबुद्धजन नागरिकों और मातृ शक्तियों को उक्त आम सभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है।

प्रथम दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं

दौसा । रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद लूणिया ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव-2024 के लिए नाम निर्देशन पत्र भरने के प्रथम दिवस शुक्रवार को किसी भी प्रत्याशी द्वारा दौसा विधान सभा के लिए कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

कुलवन्त सिंह बने रायसिंह जिलाध्यक्ष

अलवर । रायसिख समाज जिला अलवर की मीटिंग सरदार जी की होटल बख्तल की चौकी अलवर पर आयोजित की गई। इस मीटिंग में जिलेभर से रायसिख समाज के गणमान्य लोग शामिल हुऐ। मीटिंग में रायसिंह समाज के जसवन्त सिंह पाटा, ज्ञानी हरजीत सिंह, मक्खन सिंह देसूला, ज्ञानसिंह खालसा, देसूला गुरूद्वारा प्रधान सरदार जीत सिंह, सरदार फौजा सिंह अलवर, सरदार रविन्द्र सिंह ने रायसिंह समाज के उत्थान करने हेतु अपने विचार व्यक्त किये और सरदार कुलवन्त सिंह द्वारा रायसिख समाज के लिये किये जा रहे समाज हित के कार्यों व समाज की समस्याओं को अल्पसंख्यक आयोग एवं जिलास्तर पर उठाने जैसे सराहनीय कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सर्वसम्मति से रायसिंह समाज का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।

350 सदस्य बनाने पर सांसद ने सराहना की

मनोहरपुर । संगठन चुनाव 2024 के तहत 350 सदस्य बनाने पर माननीय सांसद राव राजेंद्र सिंह ने युवा नेता सिद्धार्थ गुर्जर को भारतीय जनता पार्टी के 350 सदस्य बनाने पर सराहना की।और सांसद राव राजेंद्र सिंह ने अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया। इस दौरान युवा नेता सिद्धार्थ गुर्जर ने कहा कि सांसद राव राजेंद्र सिंह से भाजपा के सिद्धांतों व विचारों से प्रेरित होकर भाजपा ज्वाइन की थी।ओर इनसे प्रेरित होकर ही भाजपा के सदस्य बनाए गए हैं। इस दौरान भाजपा मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी,सहसंयोजक जमील खान चौहान पूर्व कोषाध्यक्ष संतोष माधानी,महामंत्री प्रहलाद गुर्जर,मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश नाई,पूर्व जिला पार्षद पूरणमल बेनीवाल,शिवराम गुर्जर,रमेश गोयल,लाला राम, महावीर कुमावत,जयराम फ़ामडा,हाजी बुंदु खान पडियार सहित कई गणमानय लोग मौजूद रहे।

पुस्तकालय का किया उद्घाटन

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोरधनपुरा में शुक्रवार को विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विधायक पटेल व अल्ट्राटेक सीमेंट ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे ने फीता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पटेल ने कहा कि पुस्तकालय से विधार्थियों को अध्ययन में बेहद लाभ होगा। उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पटेल ने अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा निर्मित पुस्तकालय की प्रशंसा भी की।

बिना सूचना दिए वीसी बैठक में नहीं पहुंचने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

- बीति रात्रि को किशनगढ़ बास उपखंड के गांव इस्माइलपुर में रात्रि चौपाल में कलेक्टर के पहुंचने के 1 घंटे बाद तक अधिकारीयों के पहुंचने पर कलेक्टर ने जताई थी नाराजगी।
- जिला कलेक्टर के निर्देशन में जिले भर में उचित मूल्य दुकानों पर निरीक्षण में 61 में से 4 दुकान मिली बंद।

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने वीसी के माध्यम से उपखंड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में किशनगढ़ बास नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बिना कोई सूचना दिए उपस्थित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों की लापरवाही बीती रात्रि को जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर गांव इस्माइलपुर में जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल में नजर आई जब जिला कलेक्टर किशोर कुमार जनसुनवाई के निर्धारित समय पर पहुंच गए और विभागों के अधिकारी 1 घंटे बाद तक आते रहे।

देरी से आने वाले विभागों के अधिकारियों के रवैये पर कलेक्टर ने नाराज़गी व्यक्त की थी। 24 घंटे भी नहीं हुए की नगर पालिका किशनगढ़बास अधिशासी अधिकारी बिना कोई सूचना दिए जिला कलेक्टर की वीसी बैठक में उपस्थित नहीं हुए।

कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली।

वीसी बैठक में जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल के विभिन्न मापदंडों पर सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा की तथा सीएमओ परिवादों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खसरा गिरदावरी, क्रॉप कटिंग, कोर्ट केस, एफपीएस का निरीक्षण, साफ सफाई, प्लास्टिक फ्री अभियान, रास्ते के प्रकरण सहित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों से समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने बैठक में डीएपी की कालाबाजारी को रोकने के लिए सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्र में निगरानी रख, भंडारण व कालाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा सप्ताह में दिन निश्चित कर रास्ते के प्रकरणों का निस्तारण करें ताकि आमजन को मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े। दिवाली त्योहार को देखते हुए जिले भर में सफाई अभियान के तहत अभी तक किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की ओर साफ सफाई रखने के लिए निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार मुलाकात

निवाई- डॉ. केएन मोदी विश्व विद्यालय निवाई के फाउंडर व सोशल वेलफेयर क्लब के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंटकर विशेष चर्चा की। क्लब के अध्यक्ष ठॉ. तनुज सैंगर ने बताया कि लखनऊ के कालिदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन डीके मोदी, यूएन मिश्रा व सोशल वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष ठॉ. तनुज सैंगर ने शिष्टाचार भेंटकर विशेष चर्चा की। इस दौरान डॉ. डीके मोदी ने मोदीनगर में नये विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा की। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उच्च शिक्षा सचिव को विभिन्न बिंदुओं की जांच कर नये विश्वविद्यालय स्थापना के लिए अनुमति के साथ निर्माण की कार्यवाही पूर्ण करवाने के आदेश जारी करने के लिए निर्देशित किया।

राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट से जिला भरेगा विकास की ऊंची उड़ान : कलक्टर

कोटपूतली। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के सतत् प्रयासों तथा नियमित मॉनिटरिंग की बदौलत पिछले दो दिनों में कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 02 हजार 881 करोड़ रुपये के नये एमओयू प्राप्त हुये हैं। आपको बता दें कि जिले में निवेश को बढ़ाने के लिए जिला कलक्टर द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उसी के परिणाम स्वरूप आज तक कुल 04 हजार 881 करोड़ रुपये के 86 एमओयू प्राप्त हो चुके हैं और इसमें निरंतर वृद्धि के प्रयास किये जा रहे हैं।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत क्षेत्रीय निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट का आयोजन 25 अक्टूबर को किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अधिकाधिक उद्योगपतियों एवं औद्योगिक संघों को जिले में निवेश हेतु प्रोत्साहित करना है, ताकि जिले के औद्योगिक विकास को गति मिल सके। जिले में इच्छुक निवेशक विभिन्न क्षेत्रों यथा कृषि प्रसंस्करण, ऊर्जा नवीकरणीय, खनन, केमिकल, फर्टिलाइजर सौर ऊर्जा संयंत्र इत्यादि क्षेत्रों में निवेश को लेकर उत्साहित है। जिले में मनाये जा रहे राईजिंग राजस्थान निवेश सप्ताह के तहत पिछले दो दिनो में इजाफा करते हुए लगभग 02 हजार 881 करोड़ रूपये के नये निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है।

अधिकारियों व उद्योगपतियों के साथ क्षेत्र का दौरा करती जिला कलक्टर।

- विगत दो दिवसों में 02 हजार 881 करोड़ के नये एमओयू हुये प्राप्त

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जिला बने सिरमौर - जेवीवीएनएल के अधिशाषी अभियंता मनोज गुप्ता ने बताया कि जिले में भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा विशेष रूप से सौर ऊर्जा के उत्पादन एवं विकास की अत्यन्त संभावना है। जिले में लगभग 275 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्राप्त हुये है एवं राज्य व केंद्र सरकार की ओर से सौर ऊर्जा उत्पादन, संग्रहण, वितरण हेतु विभिन्न तरह की योजनायें संचालित कर निवेशकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत जिला कलक्टर के निर्देशन में क्षेत्रीय प्रबंधक नीमराना राहुल कुमार भट्ट ने बताया कि जिले में निवेश को लेकर उद्योगपति लगातार सम्पर्क कर अधिकाधिक संख्या में एमओयू के प्रस्ताव भिजवा रहे है। अब तक जिले में 86 एमओयू के तहत कुल 4881 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है।

दौसा विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

- मतदान प्रतिशत बढाने के लिए करें विशेष प्रयास, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की हो कडाई से पालना- मुख्य निर्वाचन अधिकारी

दौसा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा कि उप चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की कडाई से पालना कराएं। उन्होंने स्वीप गतिविधियों पर फोकस करते हुए कलस्टर बनाकर मतदान प्रतिशत बढाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। नवीन महाजन शुक्रवार को यहां कलक्ट्रेट सभागार में विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने दौसा उप चुनाव के लिए की गई तैयारियों की बिन्दुवार गहनता से समीक्षा की।

उन्होंने निगरानी दल, संयुक्त चेक पोस्ट, मतदान केन्द्रों, होम वोटिंग, वेब कास्टिंग, सी-विजिल एप, मतदाता जागरूकता गतिविधियां, एनफोरस्मेंट एजेंसियां, मतदान दल गठन, ईवीएम प्रोटोकॉल, पुलिस जाप्ते आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने पीपीटी के माध्यम से उप चुनाव के लिए जिला प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का विस्तार से प्रजेंटेशन दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उप चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसकी कडाई से पालना सुनिश्चित कराएं।

विधानसभा क्षेत्र के अंतर जिला मार्गों पर चेकपोस्ट लगाकर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध शराब, नगदी, हथियार व चुनाव में बांटी जा सकने वाली वस्तुओं आदि पर कडी निगरानी रखें। उन्होंने आबकारी विभाग को तय समय के बाद में शराब की दुकानें बंद रखवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि त्योहार एवं शादियों के समय को देखते हुए ज?ती कार्यवाही के दौरान विशेष ध्यान रखें और इस दौरान आम नागरिकों को अनावश्यक परेशान नहीं होना पडे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर बिजली की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर 200 मीटर परिधि का डिमार्केशन मतदान दिवस से पहले दिन करके सख्ती से पालना कराएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्र के चिह्नित मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग के लिए सभी प्रकार की तैयारियां सुनिश्चित करें। चुनाव के लिए नियोजित कार्मिकों को समयबद्घ प्रशिक्षण दें। चुनाव संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करें।

फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिस बनकर जमीन का नामांतरण खुलवाने का आरोप

बस्सी, (निसं)। कानोता थाना इलाके में थाने से महज एक किलोमीटर दूर ढूंढ नदी के बहाव क्षेत्र में सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण कर कॉलोनी बसाने की तैयारी की जा रही है। थाना क्षेत्र में ही कुछ भूमाफिया द्वारा फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र पेश कर फर्जी वारिस के आधार पर गैर मुमकिन नदी की किस्म जिसका खसरा नंबर 175 और 179 में अपने नाम नामान्तरण खुलवाने का मामला सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित गणेश शर्मा पुत्र रामसहाय शर्मा निवासी पुराना बगराना आगरा रोड ने प्रेसवार्ता कर आरोप लगाया है कि उनकी पीढ़ियों से चली आ रही कब्जेकाश्त जमीन जिसका खसरा नंबर 175 और 179 है जो पहले श्यामसुंदर के नाम से गैर मुमकिन नदी किस्म में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज थी, उसमें कल्लू नाम के व्यक्ति ने श्यामसुंदर का एकमात्र वारिश बनकर फर्जी एवं कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र पेश कर जयपुर तहसील के पुराना बगराना शमसान घाट के पास स्थित इन दोनों खसरा नम्बरों में अपने नाम नामांतरण खुलवा लिया हैं।

इस पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित गणेश ने कल्लू की ओर से नामांतरण खुलवाने के लिए पेश किए गए दस्तावेजों की कॉपी ली तो उसमे पता चला कि कल्लू ने तथाकथित पिता श्यामसुंदर और माता मनभर देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान के आधार पर शपथ पत्र, दो गवाहों के साथ पेश किया है जिसमें कल्लू ने अपने आपको श्यामसुंदर का एकमात्र वारिश बताया। नामांतरण के वक्त जिन दो गवाहों ने कल्लू को श्यामसुंदर का वारिश होने का शपथ पत्र पेश किया उनमें अनिल और हेमराज शामिल हैं। जब श्यामसुन्दर की मौत पेश किए गए मृत्यु प्रमाण के अनुसार 19 जून 1990 को हुई तो ठीक दो साल बाद 13 अगस्त 1992 में जन्म लेने वाला हेमराज गवाही के तौर पर यह कैसे साबित कर सकता है कि कल्लू ही श्यामसुंदर का एकमात्र वारिस था। जब कल्लू की और से तथाकथित माता-पिता के पेश किए गए मृत्यु प्रमाण पत्र का रिकॉर्ड आरटीआई के तहत मिलता है जिसमें लिखा है कि इस रजिस्ट्रेशन नंबर और दिनांक को इन नामों के मृत्यु प्रमाण पत्र का कोई रिकॉर्ड मौजूद ही नहीं है।

पीड़ित गणेश ने भूमाफिया कल्लु, भगवान सहाय निठारवाल, अनिल शर्मा, हेमराज शर्मा, राज शर्मा, पप्पू सिंह, भोजराज सिंह, रुडमल जाट समेत अन्य इसके साथियों के खिलाफअवैध कब्जा कर निर्माण कार्य का आरोप लगाया है।

छात्रा वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता का उदघाटन, 650 छात्रायें ले रही हैं भाग

मानपुरा माचेडी। बिलोंची स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बिलोंची में शुक्रवार क्रो संस्कृत शिक्षा विभागीय जयपुर संभागीयउच्च प्राथमिक प्रवेशिका वरिष्ठ उपाध्याय छात्रा वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा एवम अध्यक्षता बिलोंची सरपंच मामराज गुर्जर ने की।

अति विशिष्ट अतिथि जयपुर ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुश सिंह शाहपुरा व सारस्वत अतिथि संस्थापक आचार्य पंडित रामस्वरूप दोतोलिया रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ जेपी सैनी वरिष्ठ दन्त चिकित्सक समाजसेवी आमेर प्रधान बद्री बागड़ा पंचायत समिति सदस्य मुंशीराम गुर्जर रहे । केन्द्राधीक्षक प्रधानाचार्य डॉ महेश दोतोलिया ने क्रीड़ा प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया विद्यालय में सांसद कोटे से दो कक्षा कक्ष मय बरामदा निर्माण की मांग की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सम्बोधित करते हुये कहा की खेल क्रो खेल की भावना से खेले हार जीत एक सिक्के के दो पहलू है शर्मा ने प्रतियोगिता में विभागीय बजट नहीं मिलने की बात करते हुये कहा की सरकार से मांग करूंगा की इन प्रतियोगिता में बजट मिले भामाशाह के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन हो रहा है।

क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि।

अति विशिष्ट अतिथि राजकुमार देवायुश सिंह शाहपुरा ने सम्बोधित करते हुये कहा की ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओ की कमी नहीं इन्हे तरासने की आवश्यकता है जयपुर ग्रामीण के खिलाडीओ क्रो आगे बढ़ने में कोई कमी नहीं रखी जायेगी इन्हे उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया जायेगा संस्था प्रधानाचार्य की मांग पर विद्यालय में दो कक्षा कक्षों के निर्माण का भरोसा दिलाया। विभागीय अधिकारी अर्चना सह अधिकारी डॉ प्रभावती पारीक पर्यवेक्षक वीर विक्रमादित्यशर्मा ने भी विचार व्यक्त किये ।मुख्य निर्णायक रिछपाल सिंह चौधरी ने बताया की प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग की 42 तथा जूनियर वर्ग की 61टीमें की 650 छात्राये भाग ले रही है। प्रतियोगिता में कब्बडी खो-खो बेडमिंटन बालीवाल हेंडवाल एथेलेटिक्स साहित्यिक प्रतियोगिताओ का आयोजन होंगा। इस अवसर ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष घनश्याम सेपट पूर्व उप प्रधान कल्याण सहाय शर्मा सोहन दोतोलिया सह पर्यवेक्षक मदन देव जेवरिया सांवरमल जाट अशोक दीक्षित डॉ नानूराम जाट मुन्नालाल जाट हरि मुवाल नानूलाल गुर्जर बद्रीनारायण पहाड़िया रविकांत शर्मा सूरजमल सोढ राजेन्द्र कुमार भाजयुमो उपाध्यक्ष सुरेश प्रजापत रामलाल जाट सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

राजगढ़। कस्बे के प्रताप स्टेडियम में 68वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स 14 वर्षीय छात्र-छात्रा है क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को उत्साह एवं उल्लास के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में 145 टीमों के 402 खिलाड़ी छात्र-छात्र भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपखंड अधिकारी सीमा खेतान, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी आर डी मीना, लायंस क्लब के पदाधिकारी खेम सिंह आर्य, निजी शिक्षण संस्थान संघ के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ी छात्र छात्राओं ने मार्च पास्ट कर सभी की तालियां बटोरी । मार्च पास्ट को उपखंड अधिकारी सीमा खेतान सहित अन्य अतिथियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने संबोधन में खेल प्रभारियो से प्रोटोकॉल का पालन करने एवं ध्यान रखने का आव्हान किया। आयोजन की सफलता के लिए सभी का सहयोग एवं निर्णायकों की ओर से पारदर्शी निर्णय को जरूरी बताया।

सार-समाचार

धोखाधड़ी के आरोप में एक गिरफ्तार

फुलेरा । फुलेरा पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में एक जने को गिरफ्तार किया उपरोक्त जानकारी देते हुए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि 11 अप्रैल को परिवादिया ने स्थानीय थाने पर मामला दर्ज करवाया कि आरोपी रमेश ने मेरे से धोखाधड़ी और विश्वासघात कर मेरे मोबाईल से मेरे आधार कार्ड, मार्कशीट सहित अन्य दस्तावेज मंगवाकर फर्जी विवाह प्रमाण पत्र बनवा लिया। पुलिस ने उक्त मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। साथ ही उक्त मामले में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनिया के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन में तथा फुलेरा थानाधिकारी बाबुलाल मीणा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आसूचना संकलन कर मामले में फरार आरोपी रमेश भाकर पुत्र दुर्गाराम जाति जाट उम्र 24 वर्ष निवासी बरवाला थाना क्षेत्र मकराना जिला डीडवाना-कुचामन को गिरफ्तार किया गया है।

विभाग शीघ्र जारी करेगा टेंडर

सांभरझील। केंद्र व प्रदेश सरकार की और से अमृत योजना अंतर्गत सांभर में पेयजल आपूर्ति हेतु करीब 6 करोड 98 लाख रुपए स्वीकृत किए जाने के बाद आज कार्य को मूर्त रूप देने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के चीफ इंजीनियर की ओर से तमाम प्रशासनिक औपचारिकता के बाद इसकी टेक्निकल स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं। स्थानीय सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में भी आदेश की प्रति भिजवाई गई है। यानी अब 5 करोड़ 98 लाख के इस बजट में जलाशय निर्माण के अलावा ऊंचे इलाकों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति भी सुचारू रूप से मिल सकेगी, सैकड़ो परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। कार्य के अंतर्गत तमाम पेयजल लाइन को बदला जाएगा जो कई दशकों से पेयजल आपूर्ति में बाधा का कारण बनी हुई थी। टेक्निकल स्वीकृति के बाद पीएचईडी जलाशय निर्माण के लिए भूमि की सुनिश्चितता करेगा हालांकि अभी विधिवत रूप से विभाग को भूमि आवंटन नहीं हुई है। एईएन दयाराम से बात करने पर बताया कि हमारा प्रयास रहेगा हम शीघ्र ही भूमि आवंटन करवा कर टंकी निर्माण हेतु का काम शुरू कर देंगे लेकिन इससे पहले हमें कार्य हेतु निविदा निकाली जाएगी और टेंडर छूटने के बाद टंकी निर्माण व प्रोजेक्ट में शामिल सभी काम तेज गति से शुरू कर दिया जाएगा और सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों को अमृत जल योजना का भी फायदा मिल सकेगा। प्रदेश सरकार की ओर से बजट स्वीकृति हेतु हरु झंडी मिलने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वह विभाग के सभी अधिकारियों का पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, नेता प्रतिपक्ष अनिल गट्टानी, पूर्व पार्षद विष्णु कुमार सिंघानियां, पार्षद धर्मेंद्र जोपट, एडवोकेट दिव्य राजवीर गुर्जर, मुस्तकीम खान, तरुण कुमार उपाध्याय सहित नगर वासियों ने इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए आभार जताया है।

प्रतियोगिता में भाग लेने क्रीड़ा दल रवाना

सावरदा। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुक्रवार को महेशपुरा से क्रीडा दल रवान हुआ । मौजमाबाद पंचायत समिति क्षेत्र की अखैपुरा ग्राम पंचायत के महेशपुरा गांव में स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय महेशपुरा दूदू के 14 वर्ष तथा 19 वर्ष की बालिकाएं राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बिलोची में आयोजित होने वाली संभांग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई । संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार ने बताया कि क्रीड़ा प्रभारी अध्यापिका समुद्रपुरी व सह क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती जीतू सिंह के नेतृत्व में 19 वर्ष व 14 वर्ष की बालिकाएं 18 से 23 अक्टूबर 2024 तक चलने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज महेशपुरा से बलोची के लिए रवाना हो गई है । संस्था प्रधान ने बताया कि बालिकाओं का विद्यालय परिवार व ग्रामीणों ने उत्साहवर्धन कर प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

तीन दिवसीय वार्षिक उर्स 20 से

मनोहरपुर। जयपुर के शास्त्री नगर पुलिस थाने के पास वाले मुस्लिम कब्रस्तान में स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत मद्रासी बाबा रहमतुल्ला अलेह का 3 दिवसीय वार्षिक उर्स 20 अक्टूबर रविवार से शुरु होगा जो कि 22 अक्टूबर मंगलवार को कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न होगा ! मुतवली व सज्जादा नशीन खलीफा मोहम्मद सलीम ने बताया कि 20 अक्टूबर रविवार को सुबह 9 बजे कुरानख्वानी होगी रात्रि 9 बजे बाद में मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा मिलाद शरीफ की जाएगी जिसमें खुदा के हुकम व मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही जाएगी !

थानाधिकारियों की ली बैठक

टोंक। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल ने क्षैत्र के सभी थानाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी विधानसभा उपचुनाव के मध्यनजर कार्यवाही करने, सम्पति सम्बन्धी अपराधियों की धरपकड, चोरी व नकबजनी जैसी घटनाओं की रोकथाम, मफरूर, भगोडे अपराधियों को पकडना, थाने में पेडिंग स्टेडिंग वारन्ट का निस्तारण, आबकारी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएम एक्ट में कार्यवाही करने तथा आगामी त्योहारो के दिनो में कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में वृताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत, थानाधिकारी मालपुरा चेताराम, डिग्गी थानाधिकारी ओमप्रकाश, लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी मुकेश कुमार, व पचेवर थानाधिकारी हीरालाल इत्यादि ने भाग लिया।

एडीएम को सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली। दीपावली के पर्व पर हर घर को रोशन करने के लिए दीपक बनाने वाले कुम्भकार और कुम्हार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को जिला कलक्टर के नाम एडीएम ओमप्रकाश साहरण को ज्ञापन सौंपकर आदेश निकालने की मांग की। जिसमें परम्परागत माटी शिल्पियों को उनके माटी उत्पादों दीपक, सुराई, मटके, कलश, खिलौने, सजावटी सामान आदि को बढ़ावा देने के लिए अवसर मिल सके।इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति पूतली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल प्रजापत, दयाराम प्रजापत, समाजसेवी डॉ. रोहिताश मोरोड़ी, हीरालाल प्रजापत, गिर्राज प्रजापत, अशोक प्रजापति, योगेश, श्रीराम, राजू प्रजापत, सुभाष, नरेश प्रजापत, पालचंद, घनश्याम, राजेंद्र, लालचंद, कैलाश चंद व चौथमल कुमावत सहित बड़ी संख्या में कुम्भकार मौजूद रहे।

निरीक्षण किया

दूदू । अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार ने शुक्रवार को जिले के गाडोता व गिदानी पटवार मंडल कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था व कार्यों की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम गाडोता पटवार मंडल कार्यालय का निरीक्षण किया और संबंधित गाडोता व नासनोदा पटवारी से गिरदावरी कार्य,फसल खराबा अनुदान, काश्तकारों से संबंधित राजस्व कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर ने गिदानी में पटवार भवन व ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर गिदानी पटवारी से काश्तकारों से संबंधित कार्यों, फसल खराबा अनुदान की स्थिति व प्रगति के संबंध में संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने गिदानी पंचायत कार्यालय में ग्राम विकास अधिकारी से पेंशन सत्यापन कार्य की प्रगति, पंचायत के चालू कार्यों की के बारे में जानकारी लेकर पेंशन सत्यापन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए ।

डॉ. किरण जैन बने असिस्टेंट प्रोफेसर

मालपुरा, (निसं)। आदर्श नगर मालपुरा निवासी डॉ. किरण प्रकाश जैन पुत्र घासीलाल जैन थडी वाले को केन्द्रीय संस्कृत विद्यालय जयपुर मे जैन दर्शन विभाग मे असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर मिली नियुक्ति। डॉ. किरण प्रकाश शास्त्री की जैन समाज मालपुरा के गौरव के रूप मे अपनी पहचान रखते है तथा जैन धर्म के प्रतिष्ठाचार्य पद से अलंकृत है।